RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 289 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई: अस्थायी रूप से बंद होगा छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट का टर्मिनल 1 तीन साल के लिए


Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र : 'बीजेपी के कई नेता उद्धव ठाकरे से चाहते हैं गठबंधन'

## संजय राउत का दावा... अब मुख्यमंत्री फडणवीस क्या बोले ?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत के उस दावे से सियासी खलबली मच गई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि बीजेपी के कई नेता उद्धव ठाकरे की पार्टी से गठबंधन करना चाहते हैं. वहीं अब इस पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है. दरअसल, संजय राउत ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल और सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी मिलिंद नार्वेकर के बीच यहां बातचीत के बाद ये दावा किया था.



वहीं अब इस पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार (30 जनवरी) को शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के दावे को खारिज करते हुए कहा कि आकस्मिक बैठकों की राजनीतिक व्याख्या नहीं की जानी चाहिए. बता दें कि संजय राउत ने ये दावा मिलिंद नार्वेकर, एक विधान परिषद के सदस्य और चंद्रकांत पाटिल के बीच बुधवार रात बीजेपी विधायक पराग अलवानी की बेटी की शादी के रिसेप्शन में ठाकरे की उपस्थिति में कुछ हंसी-मजाक के बाद किया. संजय राउत ने कहा, ह्वचंद्रकांत पाटिल बीजेपी की पुरानी पीढ़ी से हैं, जो शिवसेना-बीजेपी संबंधों के महत्व को समझते हैं. इस गठबंधन 25 वर्षों तक अच्छा काम किया.ह्व उन्होंने कहा कि बीजेपी में कई लोग पाटिल की 'स्वर्णिम क्षण' की भावनाओं को साझा करते हैं.

मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, ह्वकोई भी इतना भोला नहीं है कि जो यह नहीं सोच सके कि सिर्फ शादी (रिसेप्शन) में मिलने से गठबंधन नहीं बन जाता है या पार्टियां करीब नहीं आती हैं.ह्व

# मुंबई : कुर्ला और घाटकोपर रेलवे स्टेशनों के बीच एक चोर ने गले से सोने का मंगलसूत्र खींच लिया और भाग गया



**मुंबई :** एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला का कुर्ला और घाटकोपर रेलवे स्टेशनों के बीच एक चोर ने गले से सोने का मंगलसूत्र खींच लिया और भाग गया। कुर्ला रेलवे पुलिस ने चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला यात्री कर्नाटक के उडुपी की निवासी सुनंदा हेचमंडी (41) हैं। वह बुधवार को कर्नाटक जाने के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस से निकली थीं। वह शाम करीब 6 बजे मत्स्यगंधा एक्सप्रेस में सवार हुईं। जैसे ही ट्रेन घाटकोपर और कुर्ला रेलवे स्टेशनों के बीच पहुंची, एक चोर ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र खींच लिया। इसके बाद आरोपी चलती ट्रेन से उतर गया और घाटकोपर की ओर भाग गया। महिला ने घटना की जानकारी ड्यूटी पर मौजूद पुलिस को दी। वे महिला को कुर्ला रेलवे पुलिस स्टेशन ले गए। वहां महिला की शिकायत पर कुर्ला रेलवे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# वर्ली में तीन साल की बच्ची अगवा...

## पुलिस ने महज तीन घंटे में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया



**मुंबई :** वर्ली में एक तीन साल की बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर अगवा करने का मामला सामने आया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत इस मामले में आरोपी महिला की तलाश के लिए टीमें तैयार कीं। पुलिस ने महज तीन घंटे में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी महिला ने इस तरह से और भी बच्चों का अपहरण किया है या नहीं। 32 वर्षीय शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ वर्ली के प्रेमनगर इलाके में रहती है। बुधवार को उसकी तीन साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। उस समय पड़ोस में रहने वाली लड़की घर में आई। उसने बताया कि एक महिला उसकी बेटी को चॉकलेट देने के बहाने गली से खींचकर ले गई। इससे शिकायतकर्ता और उसका परिवार डर गया।

उन्होंने प्रेमनगर, वर्ली नाका, मद्रासवाड़ी, वर्ली सी फेस में अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। अंत में उन्होंने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र काटकर ने तुरंत मामले के लिए टीमें तैयार कीं और टीमें अपहृत लड़की की तलाश के लिए रवाना हो गईं। उन टीमों ने जब पूरे प्रेमनगर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो गंगाराम लॉन्ड्री गली में एक किराना दुकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध महिला नजर आई.

# सिद्धिविनायक मंदिर के विकास कार्य के लिए सरकार ने 500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए - एकनाथ शिंदे

**मुंबई:** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सिद्धिविनायक मंदिर का पूर्ण विकास कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा और इसके लिए राज्य सरकार ने 500 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराया है। उन्होंने आज सिद्धिविनायक मंदिर का दौरा कर पुनर्विकास परियोजना के बारे में जानकारी ली।

**माघी गणेशोत्सव के अवसर पर सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन किए।**

एकनाथ शिंदे ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने दादर स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर श्री गणेश की पूजा की, जो मुंबईकरों का धार्मिक स्थल है। उन्होंने श्री गणेश के दर्शन भी किए, जिन्हें माघी के अवसर पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित किया गया था। इस पावन अवसर पर गणेशोत्सव। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर, शिवसेना प्रवक्ता राहुल लोंढे,



सिद्धिविनायक मंदिर समिति के सभी सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणपति बप्पा के भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**रुकी हुई परियोजना पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।**

हमारी सरकार विकास को आगे बढ़ा रही है। हम सभी परियोजनाओं को पटरी पर लाने जा रहे हैं। हम म्हाडा एसआरए के माध्यम से उन परियोजनाओं को पूरा करेंगे जिन्हें सरकार ने छोड़ दिया है। हमारा इरादा हर रुकी हुई परियोजना को पूरा करने का है, शिंदे ने कहा।

**सरकार सभी योजनाएं जारी रखेगी।**

इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि नगर निगम या सरकार के पास किसी भी मुद्दे पर धन की कमी नहीं है। सरकार सभी योजनाओं को जारी रखेगी और नई योजनाएं लेकर आएगी।

# ठाणे : अज्ञात व्यक्तियों ने मंदिर में घुसकर की 31 हजार रुपये की चोरी



**ठाणे :** ठाणे में अज्ञात व्यक्तियों ने एक मंदिर में घुसकर 31000 रुपये की चांदी की वस्तुएं चुरा लीं। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना खंडोबा मंदिर में मंगलवार को तड़के हुई। चोरों ने चांदी की मूर्ति का फ्रेम और अन्य चीजें चुला ली। मंदिर के केयरटेकर मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# शिक्षा के स्तर के नतीजे से सबक

गैर-सरकारी संगठन प्रथम द्वारा जारी की जाने वाली वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (असर) आमतौर पर एक गंभीर रिपोर्ट मानी जाती है जो भारत के स्कूलों में सीखने के अंतर का जायजा लेती है। उम्मीद के मुताबिक महामारी के दौरान लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने से स्थिति और भी खराब हो गई। हालांकि, मंगलवार को जारी नई रिपोर्ट के नतीजे कई मायने में उत्साहजनक हैं। इसके मुताबिक भले ही स्कूलों में सीखने में व्यापक अंतर मौजूद है लेकिन इस सर्वेक्षण के अनुसार कई सकारात्मक निष्कर्षों तक पहुंचा जा सकता है और देश को अब इस पर तवज्जो देने की आवश्यकता है।

पहला, ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक महामारी के दौरान सीखने के स्तर में जो कमी देखी गई थी अब वह दुरुस्त हो गई है। दूसरा, प्री-प्राइमरी के स्तर पर महत्त्वपूर्ण सुधार देखा गया है। तीसरा, अब 14-16 वर्ष की उम्र के बच्चों में डिजिटल जागरूकता का स्तर अपेक्षाकृत अधिक है। असर 2024, एक राष्ट्रव्यापी ग्रामीण परिवारों पर आधारित एक सर्वेक्षण है जिसके तहत देश के 605 जिले के 350,000 घरों और करीब 650,000 बच्चों से संपर्क किया गया। इस सर्वेक्षण में करीब 18,000 गांव और 15,000 से अधिक स्कूल शामिल थे। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत अनिवार्य रूप से 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के तय नामांकन लक्ष्य को लगभग हासिल कर लिया गया है।

इस उम्र वर्ग के लगभग 1.9 प्रतिशत बच्चे स्कूल में नहीं हैं जो 2022 के 1.6 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। हालांकि, रुझान दशार्ते हैं कि आरटीई के तहत बच्चों के जिस उम्र समूह को शामिल नहीं किया जाता है उनमें भी स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों का अनुपात समय के साथ घट रहा है। जहां तक सीखने से जुड़े नतीजों की बात है, उस लिहाज से न केवल महामारी के दौरान हुए नुकसान की भरपाई हुई है बल्कि कुछ मामलों में नतीजे पहले की तुलना में बेहतर हैं। उदाहरण के तौर पर, कक्षा 5 के बच्चों का अनुपात जो बेहद बुनियादी भाग (तीन अंकों को एक अंक से भाग देना) करना जानते हैं उनकी तादाद 2018 में 27.9 प्रतिशत थी जो 2022 में घटकर 25.6 प्रतिशत हो गई थी। हालांकि 2024 में ऐसे बच्चों की तादाद बढ़कर 30.7 प्रतिशत हो गई जो 2014 में ऐसे बच्चों की 26.1 प्रतिशत की तादाद से बहुत अधिक है। इसी तरह के रुझान अन्य पहलुओं में भी देखने को मिले और यह सुधार सरकारी स्कूलों की बदौलत देखा गया। रिपोर्ट में एनईपी की भूमिका और इसमें बुनियादी साक्षरता के साथ-साथ गणना से जुड़े पहलुओं पर जोर देने के कारण बेहतर परिणाम दिखने की बात का जिक्र है। पिछली योजनाओं से उलट राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिसकी वजह से ऐसे नतीजे दिख रहे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ऑटो टैक्सी के बाद अब बेस्ट बस का बढ़ेगा किराया

## किराया बढ़ोतरी के लिए नियुक्त किया जाएगा सलाहकार



**मुंबई :** घाटे में डूबती जा रही बेस्ट उपक्रम को घाटे से उबारने के लिए अब बेस्ट का किराया बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। बेस्ट महाव्यवस्थापक की कमान फिलहाल मुंबई महनगर पालिका के अतिरिक्त आयुक्त के पास है। बेस्ट घाटे को कम करने के लिए मनपा प्रशासन से अनुदान मांगती रहती है। मनपा ने इस समस्या का समाधान और बेस्ट को घाटे से उबारने के लिए बस का किराया बढ़ाने के अलावा कोई पर्याय नहीं बचा है। ऐसे में बेस्ट बस का किराया बढ़ाने के लिए अब सलाहकार नियुक्त करने का निर्णय लिया है जिससे कितना कराया बढ़ाया जाए और कितने किलोमीटर की दूरी पर किराए में बदलाव हो और ऑटो टैक्सी के किराया को भी ध्यान रखा जाये। खासकर शेयर टैक्सी के किराया को ध्यान देना है। बता दें कि बेस्ट प्रशासन ने वर्ष जुलाई 2019 में बस का किराया 8 रुपये से घटाकर 5 रुपया कर दिया जबकि बेस्ट की सामान्य बस में अधिकतम किराया 20 रुपया से अधिक नहीं रखा गया। बेस्ट की हालत यह हो गई कि बेस्ट में यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद भी बेस्ट की कमाई घट गई। बेस्ट ने भाड़े पर बस लेकर यात्रियों को सुविधा देने का निर्णय और बेस्ट को घाटे का सौदा साबित हुआ।

**किराया बढ़ोत्तरी पर निर्णय जल्द**

बेस्ट प्रशासन परिवहन विभाग घाटे से उबरने के लिए मनपा से वित्तीय सहायता की लगातार मांग करती रहती है। मनपा ने इसी के चलते बेस्ट बस का किराया बढ़ाने का निर्णय लिया हैं। गौरतलब हो कि बेस्ट पिछले साल से ही टिकट की कीमत में बढ़ोतरी के लिए सोच रही है। जिसके लिए बेस्ट अब एक सलाहकार की 'सलाह' लेने के बारे में सोच रही है कि क्या यह बढ़ोतरी उचित है और कितनी बढ़ोतरी होनी चाहिए, जिस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

### चुनाव के चलते फैसले में हुई देरी...

पिछले साल के किराए को पुनर्गठित करते हुए गैर वातानुकूलित बसों का किराया पांच रुपये से बढ़ाकर सात रुपये और एसी बसों का किराया छह रुपये से बढ़ाकर नौ रुपये करने पर विचार किया गया। इसके लिए एक बैठक भी आयोजित की गयी। लेकिन पहले लोकसभा और फिर विधानसभा चुनाव के कारण इस फैसले में देरी हुई। अब इस पर दोबारा विचार शुरू हो रहा है। अब तक बेस्ट का यात्री किराया बेस्ट उपक्रम परिवहन विभाग के अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा अध्ययन के बाद निर्धारित किया जाता था। पहली बार किराया बढ़ाने के लिए सलाहकार की सहायता ली जा रही है। इसके लिए दो संगठनों से बातचीत भी चल रही है अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एसी बसों और सामान्य बसों के किराए में पहले के किराए से दो गुना अधिक बढ़ोत्तरी होना तय है।

# महाराष्ट्र : अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्या समाज देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा - नितेश राणे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्या समाज देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा कि अवैध अप्रवासियों को भारत में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। राणे ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या का यहां रहना हमारे समाज का इस्लामीकरण करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभव से पता चलता है कि यह मुंबई और देश के लिए एक गंभीर खतरा है। यह शहर या राज्य पर कब्जा करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मंगल प्रभात लोढ़ा और किरीट सोमैया सहित भाजपा नेता मुंबई के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं।

# मराठी भाषा बोलने से रोकने वाली कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं: उदय सामंत



**मुंबई :** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री उदय सामंत ने बुधवार को कहा कि राज्य के निवासियों को उनकी मातृभाषा मराठी में बोलने से रोकने वाली किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त नीति बनाई जानी चाहिए। सामंत ने यह टिप्पणी तब की जब ठाणे जिले के डोंबिवली में कुछ गैर-मराठी निवासियों ने मराठी समुदाय के एक सामाजिक-धार्मिक समारोह (हल्दी कुंकू) का कथित तौर पर विरोध किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। सामंत ने कहा, 'मराठी हमारी मातृभाषा है, और हमें इसे बोलने से रोकने की किसी भी कोशिश का कड़ा जवाब देना चाहिए। ऐसे धमकी भरे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब हम दूसरे राज्यों के लोगों से बात करते हैं, तो हम उनकी भाषा का सम्मान करते हैं। उसी तरह, अगर कोई हमें अपने राज्य में मराठी बोलने से रोकने की कोशिश करता है, तो कानून को और सख्त बनाया जाना चाहिए।'

# समाजसेवी पनसारे की हत्या के 6 आरोपियों को जमानत



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद पानसरे की हत्या केस के 10 साल बाद 6 आरोपियों को जमानत दी है। इन सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल में लंबी अवधि के आधार पर बेल दी है। आरोपियों को साल 2018 और साल 2019 के बीच अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने 12 दिसंबर 2024 को आरोपियों की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित किया था।

**10 साल पहले की गई पानसरे की हत्या**

16 फरवरी 2015 को कोल्हापुर में उस समय 82 वर्षीय पानसरे को गोली मार दी थी, जब वे सैर से लौट रहे थे। केस के दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा है।

मामले में दो शूटर अब भी फरार है। पहले कोर्ट की निगरानी में केस की जांच चल रही थी, लेकिन इसी महीने की शुरूआत में अदालत ने माना था कि अब जांच की निगरानी की जरूरत नहीं है। हालांकि कोर्ट ने केस से जुड़े मुकदमे की सुनवाई तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया था।

# कोलाबा-नरीमन प्वाइंट में क्लीनअप मार्शल की सबसे अधिक वसूली

## मुलुंड में हो पाई सबसे कम रिकवरी...




**मुंबई :** शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए मनपा प्रशासन क्लीनअप मार्शल का सहारा लेती है। बावजूद इसके शहर स्वच्छता की सूची में मुंबई टॉप-10 में भी नहीं आ पाती है। लेकिन गंदगी फैलाने वालों पर दंड लगाकर मनपा और क्लीनअप मार्शल की जेब जरूर भर जाती है। पिछले साल अप्रैल महीने से अब तक क्लीनअप मार्शल ने 1 लाख 45 हजार 438 लोगों को गंदगी फैलाने पर दंड लगाया है। जिसमें मुंबई के ए वार्ड में सबसे अधिक 39,000 लोगों पर गंदगी फैलाने को लेकर दंड वसूला है। जबकि सबसे कम मुलुंड में मात्र पूरे साल भर में मात्र 579 लोगों को ही गंदगी फैलाते हुए पाया गया है। मनपा प्रशासन मुंबई में गंदगी फैलाने वालों पर दंड लगाने के लिए कुल 1146 क्लीनअप मार्शल नियुक्त किये गए हैं। मनपा के 24 वार्ड में यह क्लीनअप मार्शल नियुक्त हैं। मनपा के ए वार्ड जिसमें सीएसएमटी, चर्चगेट, कफ परेड, कुलाबा, नरीमन पॉइंट और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

### मनपा ए वार्ड में 76 लाख से अधिक की वसूली

**मनपा के चौबीस वार्ड में सबसे कम टी वार्ड मुलुंड में मात्र 12 क्लीनअप मार्शल ही गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए नियुक्त किया गया है। मनपा प्रशासन ने गंदगी फैलाने वालों पर 1 अप्रैल से 26 जनवरी तक कुल 1 लाख 45 हजार 438 8 लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 4 करोड़ 20 लाख रुपए की कमाई की है। मनपा के ए वार्ड में 39,000 लोग अस्वच्छता फैलाते हुए पाए गए। क्लीनअप मार्शल ने इन लोगों से 76 लाख 17 हजार रुपये की वसूली की। इसके विपरीत मुंबई के टी वॉर्ड, जो कि मुलुंड क्षेत्र में आता है यहाँ सबसे कम मात्र 579 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 4 लाख 35 हजार 700 रुपए कमाई हुई।**

### 100 रुपए से लेकर 1000 तक का जुमार्ना

मनपा के अधिकारी ने बताया कि क्लीन अप मार्शल को महापालिका के 24 वॉडों में तैनात किया गया है और इससे महापालिका को राजस्व प्राप्त हो रहा है। क्लीनअप मार्शल से वसूला जाने वाला जुमार्ने का 50 प्रतिशत हिस्सा मनपा की तिजोरी में आता है। इस अभियान के तहत 100 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाता है। कचरा फेंकने अथवा थूकने पर 200 रुपये का जुमार्ना लगता है। वहीं रस्ते पर स्नान करना, शौच करना, पक्षियों को खाना खिलाना या सड़क पर वाहन धोने पर दंड लगाया जाता है।

# शादी से मना करने पर युवती को जान से मारने की धमकी




**नालासोपारा :** मुंबई में रहने वाले एक युवक ने शादी से इनकार करने वाली युवती को जान से मारने की धमकी दी है। पिछले 8 महीनों से युवक उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर रहा है और वीडियो मैसेज भेजकर शादी करने या जान से मारने की धमकी दे रहा है। अचोले पुलिस ने उसके खिलाफ अदखलपात्र मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता नालासोपारा पूर्व में रहने वाली 30 वर्षीय महिला है। उसने पिछले साल एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर मुंबई के मोइन अंसारी नामक युवक की तस्वीर देखी थी। चूंकि लड़का तस्वीर में अच्छा दिख रहा था, इसलिए उसके परिवार ने लड़के को देखने के लिए मुंबई के मदनपुरा गए थे। सामने देखने पर अधिक उम्र का दिखने पर लड़की के परिवार ने रिश्ते को खारिज कर दिया था। जिस पर मोइन भड़क गया। पिछले 8 महीनों से वह युवती को अलग-अलग नंबरों से कॉल करके धमका रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा, ''पिछले 8 महीनों में उसने मुझे कम से कम 200 मोबाइल नंबरों से कॉल किया है। मैंने हर नंबर को ब्लॉक किया फिर भी वह ऐसा कर रहा है। इसके कारण अब मेरी जान को खतरा है।'' मंगलवार को वह नालासोपारा आया और जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार डर गया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# मुंबई : २0 साल से छिपे १२ बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया




**मुंबई :** पुलिस के जोन 7 स्पेशल स्क्वॉड ने स्क्वॉड चीफ रेवानासिद्ध थेंगले के नेतृत्व में 12 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। ये घुसपैठिए वसोर्वा के खोजा गली से गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें एक ही परिवार के 10 लोग शामिल हैं। बीस वर्ष पहले इनमें से कुछ लोग बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ करके आए थे। सभी घुसपैठियों से पुलिस ने पासपोर्ट, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड आदि दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार बांग्लादेशियों की पहचान रोहिमा शहाबुद्दीन खान, शकील कादर शेख, रुखसाना शकील शेख, वहीदुल फैजल खान, जैस्मीन वहीदुल खान, सिमरन वहीदुल खान, हसन अब्दुल राशिद खान, अब्दुल अजीज और अन्य के तौर पर हुई है। गिरफ्तार किए लोगों में 4 महिलाएं, 4 पुरुष और 4 बच्चे शामिल हैं। डीसीपी सर्किल-7 विजयकांत सागर के अनुसार कुछ दिन पहले भी इस टीम ने कई बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पुलिस ने इस साल 4 जनवरी की रात को 13 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार किए थे। ये सभी लोग नालासोपारा इलाके में रह रहे थे। पुलिस को एक मामले में आरोपी की तलाश थी। जांच करते-करते पुलिस इन घुसपैठियों तक पहुंच गई थी। पुलिस ने इनके खिलाफ अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने और यहां रहने का मामला दर्ज किया था। कुछ दिन पहले एक शख्स के खिलाफ भिवंडी में केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि उस शख्स ने 500 रुपये देकर फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। इसके बाद से आरोपी खुद को भारतीय नागरिक बताकर पुणे में बस गया था। एक बांग्लादेशी घुसपैठिए ने ही उसकी मदद की थी।

# ठाणे में नवजात बच्ची को बेचने की साजिश में छह गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर में छह दिन की बच्ची को बेचने के प्रयास में माता-पिता समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बच्ची की दादी की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 22 जनवरी को बच्ची का जन्म हुआ। इसके बाद, माता-पिता उसे बेचने के लिए 90,000 रुपये में राजी हो गए। 25 जनवरी को जब सौदा पूरा होने वाला था, तब विक्रेता और खरीदार दंपती को उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल के बाहर हिरासत में लिया गया और बच्ची को बरामद कर लिया गया। आरोपियों की पहचान बच्ची के माता-पिता विशाल और सुजाता गायकवाड़, दोस्त और कथित एजेंट गुड़िया राजेश वर्मा, जुई सागर पांडे, कथित खरीदार दंपती नूरजहां गुलाम शेख और गुलाम मुस्तफा शेख के रूप में हुई है। उनके खिलाफ किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुणे में जीबीएस का और एक नया मामला**

पुणे में मंगलवार को गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) का एक नया मामला सामने आया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही जीबीएस के संदिग्ध मामलों की संख्या बढ़कर 111 हो गई है। इससे पीड़ित 13 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इस संबंध में जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, अब तक जीबीएस के 111 संदिग्ध मरीज पाए गए हैं। एक मरीज की मौत हो गई है। वहीं, 31 में जीबीएस की पुष्टि हुई है।

# मीरा-भायंदर : डांबरीकरण करने की मांग!



**भायंदर :** मीरा-भायंदर शहर में बहुत सारे परिसरों में पानी कनेक्यान, विजली कनेक्शन, गैस पाइप लाइन कनेक्शन आदि के लिए सड़कों के दोनों तरफ खोद कर रखा है। इन सभी विभागों का काम होने के बाद मनपा द्वारा वहां पर डाबरीकरण किया जाता है, परन्तु मनपा द्वारा इस काम में दिलाई करती जा रही हैं। इस समस्या के लिए पूर्व नगरसेवक रोहिदास पाटील ने मनपा को निवेदन देकर बताया की जेसल पार्क, नवचर रोड, बी.पी. रोड़ परिसर में काफी जगहों पर ऐसी परिस्थिति है, ऐसी जगहों पर तुरंत डाबरीकरण करने की मांग उन्होंने मनपा से की है। रोहिदास पाटील ने बताया की इन सभी विभागों की तरफ से काम होने के बाद वहां पर मिट्टी का भराव कर दिया गया है। परन्तु मनपा ने अभी तक वहां पर डाबरीकरण का काम नहीं किया है जिस कारण यहां रहने वाले एवं यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती हैं। मनपा को ऐसी जगहों पर तुरंत डाबरीकरण करके लोगों की इस समस्या को दूर करना चाहिए।

# मुंबई में बारह बांग्लादेशी गिरफ्तार... जुहू और वसोर्वा में पुलिस की कार्रवाई!



**मुंबई :** मुंबई पुलिस के जोन 7 के बांग्लादेशी विरोधी पथक ने बारह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। जो जुहू गली में अवैध तरीके से रहते थे। गिरफ्तार किए गए इन बांग्लादेशियों में चार महिला, चार पुरुष और चार बच्चे शामिल हैं। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनके पास पुलिस ने बांग्लादेश के दस्तावेज जब्त किए है। पुलिस को मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस को पता चला है कि आरोपी घुसखोरी कर मुंबई में रह रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिन 12 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। बुधवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 31 जनवरी तक उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। राज्य में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या बढ़ने के कारण राज्य सरकार ने इन घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इस बीच पुलिस ने राज्य भर में तस्करी कर लाए गए बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ शुरू कर दी है। विशेष रूप से मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और पालघर जिले में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी मात्रा में कार्रवाई की जा रही है। जोन में यह एक टीम बनाई गई है। इस टीम का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर कर रहे हैं और पुलिस इंस्पेक्टर रवि थेगले इस टीम के प्रमुख हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को चेंबूर से तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। वडाला के अंटापहिल में बांग्लादेशियों की एक पूरी बस्ती ही है जिसे बंगालीपुरा के नाम से जाना जाता है।

# मुंबईः मां ने तीन साल के बेटे पर दिखाई हैवानियत... केस दर्ज

**मुंबईः** तीन साल के एक बच्चे को उसकी मां द्वारा कथित तौर पर मारपीट करने के बाद गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसने कथित तौर पर उसे प्लास्टिक के पानी के पाइप से कई बार मारा. बच्चे की पीठ, गर्दन, कंधे और कान पर चोटें आईं. लड़के के पिता मैसाद खान, 22, ने अपनी पत्नी गुड़िया बानू खान, 25, के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने उनके बेटे के साथ मारपीट की.



अपने पुलिस बयान में, मैसाद ने बताया कि विवाद 26 जनवरी को शुरू हुआ जब गुड़िया ने उससे अपने और अपने बेटे को बाहर घुमाने के लिए ले जाने की मांग की. व्यवसाय में घाटे के कारण आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे मैसाद ने उससे कुछ दिन इंतजार करने को कहा जब तक कि वह पैसे का इंतजाम नहीं कर लेता. इस पर बहस हुई, जिसके बाद मैसाद काम पर चला गया. शाम करीब 4.30 बजे मैसाद को एक पड़ोसी ने फोन करके बताया कि गुड़िया ने घर से निकलने से पहले उनके बेटे को पानी के पाइप से पीटा है.

मैसाद ने अपने बेटे को कमरे के एक कोने में पड़ा पाया, जिस पर गंभीर चोटें लगी थीं. वह तुरंत बच्चे को राजावाड़ी अस्पताल ले गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसे ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट करने की सलाह दी. अस्पताल के अधिकारियों ने घाटकोपर पुलिस को सूचित किया, जिसने मैसाद का बयान दर्ज किया और सोमवार को गुड़िया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की.

उस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (2) (खतरनाक हथियारों का उपयोग करके गंभीर चोट पहुँचाना) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 (बच्चे पर हमला करना) के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने पूरी घटना के गवाह पड़ोसियों के बयान दर्ज किए हैं. उसे पुलिस स्टेशन बुलाया गया और मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए पेश हुई. जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, ''चूंकि उसके खिलाफ लागू दोनों धाराएँ 'सात साल से कम की सजा' की श्रेणी में आती हैं, इसलिए हमने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया है. वह जाँच में सहयोग करने के लिए सहमत हो गई है.

# मुंबई : बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट



**मुंबई :** एक विशेष अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामलों के विशेष न्यायाधीश बी. डी. शेलके ने अपने आदेश में कहा कि अदालत का मानना है कि 'वांछित आरोपी बिश्नोई फरार हो गया है या वह समन का पालन नहीं करेगा।' न्यायाधीश ने कहा कि इसलिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करना जरूरी है।

अदालत ने हत्या में शामिल फरार आरोपी शुभम लोनकर और मोहम्मद यासीन अख्तर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए भी इसी तरह की टिप्पणियां कीं। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत ने अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर अप्रैल 2024 में हुई गोलीबारी से संबंधित मामले में अनमोल बिश्नोई को अमेरिका में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रत्यर्पित करने के लिए पहले ही अनुरोध जारी कर दिया है। इससे पहले, पुलिस ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 26 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अनमोल बिश्नोई, लोनकर और अख्तर को मामले में वांछित आरोपी बताया गया है। ऐसा शक है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है। आरोपपत्र में दावा किया गया कि अनमोल बिश्नोई लगातार हत्या करने वालों के संपर्क में था और उसने आरोपियों को प्लैट, कार और पांच लाख रुपये एडवांस में देने का वादा किया था। आरोपपत्र के मुताबिक, अनमोल बिश्नोई एक संगठित अपराध सिंडिकेट चलाता था, जिसके सदस्यों ने 12 अक्तूबर को सिद्दी की हत्या की थी। इस मामले में कुल 26 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं, जिनकी उम्र 19 से 43 साल के बीच है। इनमें से अधिकांश की उम्र 20 साल के आसपास है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपपत्र में पुलिस ने दावा किया कि अनमोल स्नैपचैट और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के जरिए आरोपियों के संपर्क में था, जिसमें आरोपी शुभम लोनकर भी शामिल था।

# मुंबई/ मोबाइल फोन विवाद के चलते युवक का अपहरण... मालवानी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया

**मुंबईः** महाराष्ट्र सरकार और Tech Tech Entrepreneurs Association of Mumbai (TEAM) के सहयोग से मुंबई टेक वीक 2025 का आयोजन होने जा रहा है. यह इवेंट 24 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक चलेगा और इसे एशिया का सबसे बड़ा अककेंद्रित कार्यक्रम माना जा रहा है. इसका पहला संस्करण 2024 में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा था. मुंबई टेक वीक 2025 का उद्देश्य मुंबई को अकइनोवेशन और टेक्नोलॉजी का प्रमुख केंद्र बनाना है. इस इवेंट में टेक, सरकार और विभिन्न उद्योगों के प्रमुख नेता शामिल होंगे. प्रमुख वक्ताओं में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस , टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, और रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी शामिल हैं.



TEAM के प्रवक्ता ने कहा, ''हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर मुंबई टेक वीक 2025 को प्रस्तुत करने को लेकर उत्साहित हैं. यह इवेंट मुंबई को भारत के अकऔर इनोवेशन के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा. इस साल का आयोजन दिखाएगा कि कैसे मुंबई का जीवंत टेक इकोसिस्टम अकआधारित इनोवेशन के जरिए स्थानीय उद्योगों को बदल रहा है और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाल रहा है.'' यह एक सप्ताह तक चलने वाला इवेंट दो भागों में बंटा होगा. 24 से 27 फरवरी तक मुंबई के विभिन्न स्थानों पर सैटेलाइट इवेंट्स, जिनमें वर्कशॉप और हैकाथॉन होंगे. वहीं, 28 फरवरी और 1 मार्च को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी में 'मेगा डेज' आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रमुख भाषण, पैनल चर्चा, स्टैंड-अप प्रेजेंटेशन, फायरसाइड चैट्स और नेटवर्किंग सेशन होंगे.

# कांदिवली में मनपा ने 19 अवैध दुकानों को किया जमींदोज



**मुंबई :** कांदिवली पश्चिम स्थित 19 अवैध दुकानों को मनपा आर दक्षिण विभाग ने कार्रवाई करते हुए जमींदोज कर दिया। मनपा आर दक्षिण वार्ड की ओर से कांदिवली पश्चिम में रेलवे स्टेशन परिसर की 19 अवैध दुकानों को निष्कासन करने की कार्रवाई की। मनपा आर दक्षिण वार्ड के सहायक आयुक्त मनीष साळवे ने बताया कि इस क्षेत्र में कुल 27 अवैध दुकानें थीं। जिनमें से 8 दुकानों को कोर्ट से स्थगन प्राप्त हुआ है। मनपा ने 8 दुकानों को छोड़कर बकाया 19 दुकानों पर निष्कासन की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान महापालिका के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त भी तैनात किया गया था। मनपा ने यह कार्रवाई सड़क पर चलने वालों और वाहनों के आवागमन में बाधा डालने पर मिल रही शिकायतों पर की गई। कार्रवाई मनपा उपयुक्त भाग्यश्री कापसे की देखरेख में की गई।

# मुंबई : अस्थायी रूप से बंद होगा छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट का टर्मिनल 1 तीन साल के लिए

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट का टर्मिनल 1 तीन साल के लिए अस्थायी रूप से बंद होगा। इस दौरान इसका रेनोवेशन किया जाएगा। और अधिक यात्रियों को सुविधा देने के लिए उरटक्अ के टर्मिनल 1 को फिर से विकसित किया जाना है। इस काम में तीन साल लगने की उम्मीद है। इस दौरान यात्रियों को उरटक्अ के टर्मिनल 2 और नए बने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शिफ्ट किया जाएगा।



बता दें कि मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 का उद्घाटन 2023 में हुआ था। दो साल में ही बड़े नवीनीकरण के लिए इसे बंद किए जाने की उम्मीद है। टर्मिनल नवीनीकरण की योजना इस साल शुरू होगी। नए बदलाव में वर्तमान में मौजूद संरचना को बंद करना शामिल है। उम्मीद की जा रही है कि टर्मिनल 1 बंद किए जाने से यात्रियों को कम से कम परेशानी होगी। टर्मिनल 2 और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा गैप भरा जाएगा। रेनोवेशन के बाद मुंबई एयरपोर्ट का टर्मिनल 1 हर साल 2 करोड़ यात्रियों को सेवा दे पाएगा। उसकी वर्तमान क्षमता को 42 फीसदी तक बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार 2029 तक मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के रेनोवेशन का काम पूरा जो जाएगा। परियोजना के दूसरे चरण में मौजूद टर्मिनल के आधुनिकीकरण के काम पूरे किए जाएंगे। इसके साथ ही एक नया टर्मिनल भी बनाया जाएगा। यह पूरा काम तीन साल में हो जाएगा। मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। आने वाले समय में इसमें और तेजी आने वाली है। इसे देखते हुए टर्मिनल 1 का रेनोवेशन किया जा रहा है। इस दौरान वर्तमान यात्री टर्मिनल भवन का विस्तार भी होगा।

# महाराष्ट्र में महिला की जीबीएस बीमारी से मौत, 16 नए मामले



**पुणे :** महाराष्ट्र में एक महिला की मौत 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) से होने का संदेह है। राज्य में इस दुर्लभ तंत्रिका विकार के 16 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया, पुणे की 56 वर्षीय महिला की सरकारी ससून जनरल अस्पताल में जीबीएस के कारण मौत हो गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com